# राष्ट्रपति को दी गई भावभीनी विदाई



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु शुक्रवार को इन्दौर के देवी अहिल्याबाई होल्कर अन्तर्राष्ट्रीय विमानतल से अपने यात्रा का पहला पड़ाव पूर्ण कर आगे के निर्धारित कार्यक्रमों के लिए रवाना हुईं। विमानतल पर राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सहित जनप्रतिनिधि, सैन्य अधिकारियों एवं वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों ने आत्मीय विदाई दी। इस दौरान मंत्री, नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट, क्षेत्रीय सांसद शंकर ललवानी, विधायक महेंद्र हार्डिया, विधायक रमेश मेंदोला, विधायक श्रीमती मालिनी लक्ष्मणसिंह गौड़, महापौर इन्दौर पुष्यमित्र भार्गव, कमांडेंट लेफ्टिनेंट जनरल विजय बी. नायर, कमिश्नर, संभागायुक्त इन्दौर डॉ. सुदाम खाडे, पुलिस कमिश्नर इन्दौर जोन श्री संतोष सिंह सहित जनप्रतिनिधि वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

# किसानों के खातों में 1640 करोड़ रुपये की सम्मान निधि जारी होगी

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को पश्चिम बंगाल के हुगली जिले के तारकेश्वर से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 23वीं किस्त जारी करेंगे। इस अवसर पर देशभर के किसानों के खातों में राशि अंतरित की जाएगी। मध्यप्रदेश के 81 लाख से अधिक किसान परिवारों को इस योजना के तहत लगभग 1640 करोड़ रुपये की राशि प्राप्त होगी। यह राशि सीधे किसानों के बैंक खातों में डीबीटी के माध्यम से भेजी जाएगी। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना वर्ष 2019 से लागू है, जिसके अंतर्गत पात्र किसान परिवारों को प्रतिवर्ष 6 हजार रुपये की आर्थिक सहायता तीन समान किस्तों में दी जाती है। अब तक प्रदेश के किसानों को 22 किस्तों में लगभग 33 हजार 800 करोड़ रुपये का लाभ मिल चुका है। राज्य में मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना के तहत प्रतिवर्ष 6 हजार रुपये की अतिरिक्त सहायता दी जा रही है। इस प्रकार दोनों योजनाओं के माध्यम से किसानों को कुल 12 हजार रुपये वार्षिक सहायता मिल रही है।

# मध्यप्रदेश का सर्वांगीण विकास शासन की प्राथमिकता : डॉ. यादव



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपाल/इंदौर :** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इंदौर में आयोजित लोकार्पण एवं भूमि-पूजन कार्यक्रम में कहा कि प्रदेश सरकार का संकल्प मध्यप्रदेश का सर्वांगीण विकास करना है और इसी लक्ष्य के साथ लगातार कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इंदौर ने स्वच्छता, प्रधानमंत्री आवास योजना और प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना में देशभर में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 12 वर्षों में देश ने विकास के नए आयाम स्थापित किए हैं। आज स्वास्थ्य, शिक्षा और अधोसंरचना के क्षेत्र में तेजी से विस्तार हो रहा है। प्रदेश के सभी 55 जिलों में विकास कार्य समान गति से आगे बढ़ाए जा रहे हैं, जिससे आम नागरिकों को योजनाओं का सीधा लाभ मिल सके। इंदौर में जोन क्रमांक 8 के वार्ड 37 में तुलसी नगर पुलिया से निपानिया तक सड़क निर्माण और सीवर लाइन कार्य का भूमि-पूजन किया गया। इस परियोजना पर कुल 15.90 करोड़ रुपये की लागत आएगी। इसमें सीमेंट कंक्रीट सड़क, सीवर चैम्बर, फुटपाथ और विद्युत लाइन शिफ्टिंग जैसे कार्य शामिल हैं।

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कनाड़िया रोड से खजराना रोड तक लिंक रोड और पूर्वी रिंग रोड से रोबोट चौराहे तक 6-लेन फ्लाईओवर बनाने की घोषणा भी की। उन्होंने अवैध कॉलोनियों को नियमित करने के प्रयासों का भी आश्वासन दिया।

कार्यक्रम में प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत दो हितग्राहियों को 50-50 हजार रुपये के प्रतीकात्मक चेक प्रदान किए गए।

इस अवसर पर कई मंत्री, सांसद, विधायक और वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसे विकास कार्यों से इंदौर की कनेक्टिविटी और शहरी सुविधाएं और अधिक मजबूत होंगी तथा नागरिकों को बेहतर जीवन गुणवत्ता प्राप्त होगी।

# पावर जनरेटिंग कंपनी ने तकनीकी निगरानी मॉडल लागू किया

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी ने अपने ताप एवं जल विद्युत गृहों के सुरक्षित, दक्ष और निर्बाध संचालन के लिए तकनीकी निगरानी मॉडल लागू करने का निर्णय लिया है। इस नई व्यवस्था के तहत वार्षिक ओवरहॉल और पूंजीगत ओवरहॉल कार्यों की गुणवत्ता और प्रगति पर लगातार निगरानी रखी जाएगी।

कंपनी के प्रबंध संचालक श्री मनजीत सिंह ने कहा कि मशीनों के साथ-साथ कार्य प्रणाली का मूल्यांकन भी आवश्यक है, जिससे तकनीकी सुधार और नवाचार को बढ़ावा मिलता है। इस पहल से विद्युत उत्पादन की विश्वसनीयता और दक्षता में वृद्धि होगी।

प्रदेश में कंपनी के चार ताप विद्युत गृह—अमरकंटक (चचाई), सतपुड़ा (सारनी), संजय गांधी (बिरसिंगपुर) और श्री सिंगाजी (दोंगलिया) से कुल 4570 मेगावाट बिजली उत्पादन किया जा रहा है। इसके अलावा 10 जल विद्युत गृहों से 915 मेगावाट और सौर ऊर्जा परियोजना से 7 मेगावाट उत्पादन होता है। इस प्रकार कंपनी की कुल उत्पादन क्षमता 5492 मेगावाट है।

नई व्यवस्था में मुख्यालय और विद्युत गृहों के अनुभवी एवं युवा अभियंताओं की संयुक्त समन्वय टीम गठित की गई है। यह टीम ओवरहॉल कार्यों की योजना, निरीक्षण और मूल्यांकन करेगी तथा तकनीकी कमियों को समय रहते दूर करेगी। विशेष बात यह है कि किसी भी अभियंता को अपने ही संयंत्र के निरीक्षण में शामिल नहीं किया जाएगा, जिससे निष्पक्षता बनी रहेगी।

वार्षिक ओवरहॉल प्रक्रिया में मशीनों की नियमित जांच और मरम्मत की जाती है, जबकि पूंजीगत ओवरहॉल में बड़े स्तर पर मशीनों का उन्नयन और तकनीकी सुधार किया जाता है। इन प्रक्रियाओं से संयंत्रों की आयु और कार्यक्षमता बढ़ती है। समन्वय टीम नियमित निरीक्षण कर तकनीकी ट्रिपिंग के कारणों का विश्लेषण करेगी और गुणवत्ता सुधार के लिए आवश्यक सुझाव देगी। इससे विद्युत उत्पादन प्रणाली अधिक मजबूत और भरोसेमंद बनेगी।

## मुख्यमंत्री ने सप्रे जयंती पर किया नमन

*भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कलम को जनसेवा और राष्ट्र-जागरण का साधन बनाने वाले, प्रखर पत्रकार, साहित्यकार और स्वतंत्रता सेनानी पं. माधवराव सप्रे जी की जयंती पर नमन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अपने संदेश में कहा कि श्रद्धेय सप्रे जी ने साहित्य और पत्रकारिता जगत को समृद्ध किया। आधुनिक भारतीय समाज के निर्माण को समर्पित उनकी कृतियां इस देश की अमूल्य निधि हैं।*

# बरकतउल्लाह विवि के कुलगुरु प्रो. एसके जैन का त्याग-पत्र स्वीकृत

**बरकतउल्ला विश्वविद्यालय के प्रोफेसर विवेक शर्मा को मिला कुलगुरु का प्रभार**

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः**राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने बरकतउल्ला विश्वविद्यालय भोपाल के कुलगुरू प्रो. एस. के. जैन द्वारा प्रस्तुत त्याग-पत्र तत्काल प्रभाव से स्वीकृत कर दिया है। श्री पटेल ने मध्यप्रदेश विश्वविद्यालय अधिनियम 1973 के तहत प्राप्त कुलाधिपति की शक्तियों के तहत विश्वविद्यालय के नये कुलगुरू की नियुक्ति होने तक कार्य संपादन के लिए संकायाध्यक्ष, प्रबंध संकाय, बरकतउल्ला विश्वविद्यालय प्रो. विवेक शर्मा को कुलगुरू के पद पर कार्य करने के लिए नामांकित किया है।

## इंदौर-उज्जैन को बड़ी सौगात

# 38 हजार परिवारों को मिले नए पक्के घर



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपाल/इंदौर :** मध्यप्रदेश के विकास को नई गति देते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल शनिवार को इंदौर जिले के सांवेर में दो बड़ी सौगातें देंगे।

इस अवसर पर प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत 42 हजार से अधिक पात्र हितग्राहियों को 2,500 करोड़ रुपये से अधिक की आवास स्वीकृतियां प्रदान की जाएंगी, वहीं 38 हजार से अधिक परिवारों को उनके नए पक्के घरों में गृह-प्रवेश कराया जाएगा।

कार्यक्रम के दौरान 2,935 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली 48.10 किलोमीटर लंबी इंदौर-उज्जैन ग्रीनफील्ड फोर-लेन परियोजना का भूमि-पूजन भी किया जाएगा। यह परियोजना मालवा क्षेत्र की कनेक्टिविटी, औद्योगिक विकास और धार्मिक पर्यटन को नई दिशा देगी।

यह हाई-स्पीड कॉरिडोर इंदौर और उज्जैन के बीच यात्रा को अधिक तेज, सुरक्षित और सुगम बनाएगा। परियोजना को हाइब्रिड एन्यूटी मॉडल पर विकसित किया जा रहा है। इसके पूरा होने पर व्यापार, लॉजिस्टिक्स, कृषि विपणन और निवेश के अवसरों में वृद्धि होने की संभावना है।

महाकाल नगरी उज्जैन आने वाले श्रद्धालुओं के लिए भी यह मार्ग विशेष रूप से लाभकारी होगा। स्थानीय नागरिकों और किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए इसमें 18 अंडरपास और 19 जंक्शन सुधार कार्य शामिल किए गए हैं।

साथ ही प्रत्येक टोल प्लाजा पर एम्बुलेंस, क्रेन और पेट्रोलिंग वाहनों की व्यवस्था की जाएगी ताकि आपात स्थिति में त्वरित सहायता मिल सके।









मेसर्स दैनिक नईदुनिया के लिए प्रकाशक अपूर्व तिवारी के द्वारा 2, इंदिरा प्रेस काम्पलेक्स, महाराणा प्रताप नगर, ज़ोन-1,भोपाल-462011 से प्रकाशित एवं मुद्रक डॉ. विश्वास तिवारी के द्वारा नईदुनिया प. प्रा.लि., 2, इंदिरा प्रेस काम्पलेक्स, महाराणा प्रताप नगर, ज़ोन-1, भोपाल-462011 से मुद्रित। प्रबंध संपादक: डॉ. सुरेन्द्र तिवारी एवं संपादक: अपूर्व तिवारी। * फोन-0755-2550900-01, e-mail : naidunia@gmail.com (* समाचार पत्र से संबंधित सभी प्रकार के विवादों के लिए न्याय क्षेत्र सिर्फ भोपाल होगा।) आर.एन.आई. रजि. क्र. 47694/88, www.naiduniaonline.com